‘स्वच्छ पवन-नील गगन’ कार्यशाला का आयोजन

चर्चा में क्यों?

7 सितंबर, 2021 को ‘**नीले गगन के लिये स्वच्छ पवन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस**’ के अवसर पर **राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल** एवं **सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट**, **दिल्ली** द्वारा राज्य के जयपुर, जोधपुर, कोटा, अलवर एवं उदयपुर ज़िलों में ‘**स्वच्छ पवन-नील गगन**’ ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, उत्पादकता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिये स्वच्छ हवा के महत्त्व के बारे में व्यक्तियों, समुदायों, कॉर्पोरेट्स और सरकार के बीच जागरूकता पैदा करने के लिये आयोजित किया गया।
- कार्यशाला ने शहरी स्थानीय निकायों, उद्योग संघ, शिक्षाविदों और बड़ी संख्या में विद्यालयों, नागरिक समाज समूहों और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ-साथ विविध समूहों को भी एक मंच प्रदान किया। आयोजन में राजस्थान के लगभग 287 स्कूलों को आमंत्रित किया गया था।
- **राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल** के सदस्य आनंद मोहन ने **राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम** और राजस्थान के पाँच गैर-प्राप्ति शहरों का एक सिंहावलोकन पेश किया और सीएसई एवं हितधारक एजेंसियों के साथ अपनी उल्लेखनीय टिप्पणियों को साझा किया।
- उल्लेखनीय है कि मानव स्वास्थ्य की रक्षा एवं वायु गुणवत्ता सुधार के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिये प्रतिवर्ष 7 सितंबर को **‘नीले गगन के लिये स्वच्छ पवन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस’** मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय ‘**स्वच्छ वायु, स्वस्थ ग्रह**’ है, जो विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों पर ज़ोर देता है। इसका उद्देश्य सभी के लिये स्वच्छ हवा की आवश्यकता को प्राथमिकता देना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/clean-air-blue-skies-workshop